डिजिटल ई-पेपर

# मेवाड़ जगत

उदयपुर, बुधवार, 17 जून 2026 वर्ष - 4 अंक : 29 पेज : 6

अर्थ डायग्नोस्टिक्स
Meaningful, Authentic & Dedicated
डबल क्वालिटी सर्टिफाइड
NABL & NABH
प्रमाणित
4-सी, एपेक्स चेम्बर,
भारतीय लोक कला मंडल के पीछे,
मधुबन, उदयपुर
Call: 70733 08880 / 70738 18880
अर्थ डायग्नोस्टिक्स
Meaningful, Authentic & Dedicated

# महाराणा प्रताप जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा







**मेवाड़ जगत**

**उदयपुर।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती के अवसर पर मेवाड़ क्षत्रिय महासभा एवं नगर निगम के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। मोती मगरी स्थित महाराणा प्रताप स्मारक पर पूजा.अर्चना के बाद नाथद्वारा विधायक एवं मेवाड़ पूर्व राजपरिवार के सदस्य महाराणा विश्वराज सिंह मेवाड़ ने हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया। शोभायात्रा चेतक सर्कल, हाथीपोल, घंटाघर, मुखर्जी चौक, सूरजपोल और दिल्लीगेट सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। मार्ग में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। पूरे मार्ग पर महाराणा प्रताप के जयकारे और देशभक्ति के नारों से वातावरण गुंजायमान रहा।

सूरजपोल स्थित पुराने पुलिस कंट्रोल रूम के निकट अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा के नेतृत्व में पुलिस बल ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सलामी दी। इस दौरान उपस्थित लोगों ने महाराणा प्रताप अमर रहें के जयघोष लगाए।

### प्रताप के आदर्शों को अपनाने का किया आह्वान

नगर निगम परिसर में पहुंचकर शोभायात्रा सभा में परिवर्तित हो गई। सभा को मेघराज सिंह रॉयल, प्रीति गजेंद्र सिंह शक्तावत, बालू सिंह कानावत, प्रेम सिंह शक्तावत एवं डॉ. पृथ्वीराज सिंह चौहान ने संबोधित किया। वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के शौर्य, त्याग, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति को युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

### महाराणा प्रताप सम्मान रत्न से किया सम्मानित

कार्यक्रम में महाराणा प्रताप के जीवन मूल्यों के प्रचार.प्रसार एवं समाजसेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों, भामाशाहों तथा सप्तऋषि कार्यक्रम के सहयोगियों को महाराणा प्रताप सम्मान रत्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### प्रताप जयंती समारोह में उमड़ी जनभागीदारी

कार्यक्रम में भाजपा नेता दिनेश भट्ट, कार्यक्रम संयोजक कमलेंद्र सिंह पंवार, डॉ. प्रदीप कुमावत, नारायण सिंह सिसोदिया, शक्ति सिंह कारोई, चंद्रवीर सिंह करेलिया, संत सिंह भाटी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र सिंह चुंडावत ने तथा आभार बलवीर सिंह राणावत ने व्यक्त किया।

## मिली राहत, झमाझम बारिश ने बदला उदयपुर का मौसम



**उदयपुर।** भीषण गर्मी और उमस से जूझ रहे उदयपुर में बुधवार दोपहर बाद मौसम ने बड़ी राहत दी। अचानक आसमान में घने बादल छा गए और जिले के कई क्षेत्रों में तेज बारिश का दौर शुरू हो गया। खेमली, डबोक, जिंक स्मेल्टर, साकरोदा, कुराबड़ सहित शहर के विभिन्न इलाकों में हुई बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया। मौसम विभाग ने भी क्षेत्र में प्री.मानसून गतिविधियों और गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जताई थी।

दिनभर तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोग बेहाल थे, लेकिन दोपहर बाद हुई बारिश ने तापमान में गिरावट ला दी और वातावरण में ठंडक घुल गई। बारिश शुरू होते ही लोगों ने राहत की सांस ली। हालांकि अचानक बरसे बादलों ने राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों की मुश्किलें भी बढ़ा दीं। कई लोग बारिश से बचने के लिए दुकानों और छायादार स्थानों पर शरण लेते नजर आए। शहर और आसपास के क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर सड़कों पर पानी भर गया, जिससे यातायात भी प्रभावित हुआ। बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया और गर्मी का असर काफी हद तक कम हो गया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी किसानों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी।

**मेवाड़ जगत की खबर का असर**, जांच में मिलीं गंभीर अनियमितताएं, उपभोक्ताओं के बयान के बाद हुई कार्रवाई

# गेहूं के बदले प्याज देने का आरोप, राशन डीलर का लाइसेंस निलंबित

**मेवाड़ जगत**

**उदयपुर।** गरीबों के हक के राशन में कथित गड़बड़ी और गेहूं के बदले प्याज देने के आरोपों के बाद माणस उचित मूल्य दुकान के राशन डीलर पन्नालाल पटेल के खिलाफ विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। विभागीय जांच में प्रथम दृष्टया अनियमितताएं सामने आने पर जिला रसद अधिकारी ने राशन डीलर का प्राधिकार पत्र तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जांच के दौरान ग्रामीण उपभोक्ताओं के बयान भी दर्ज किए गए, जिनमें राशन वितरण में गड़बड़ी और पूरा राशन नहीं मिलने जैसी शिकायतें सामने आईं।

गौरतलब है कि इस मामले को लेकर मेवाड़ जगत ने प्रमुखता से 'गरीबों के राशन पर डाका, गेहूं के बदले प्याज लेने के लिए



गेहूं के बदले थमाए जा रहे प्याज, विरोध पर धमकी के आरोप

## गरीबों के राशन पर डाका?

झाड़ोल के माणस गांव में राशन वितरण पर उठे गंभीर सवाल

लाइसेंस निलंबन और एफआईआर की मांग तेज

मेवाड़ जगत

उदयपुर। सरकार की सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जरिए गरीबों तक सस्ती दरों पर खाद्यान्न पहुंचाने की योजना पर झाड़ोल उपखंड क्षेत्र के माणस गांव में सवाल खड़े हो गए हैं। यहां उचित मूल्य दुकान संचालक पर उपभोक्ताओं को निर्धारित गेहूं देने के बजाय प्याज लेने के लिए मजबूर करने, राशन में कटौती करने और विरोध करने पर डराने-धमकाने जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। मामला सामने आने के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठने लगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि राशन डीलर पन्नालाल गरीब और जरूरतमंद परिवारों को उनके हिस्से का पूरा गेहूं देने के बजाय 20 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से प्याज लेने का दबाव बनाता है। कई उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि यदि वे प्याज लेने से इनकार करते हैं तो उन्हें राशन नहीं दिया जाता या फिर घंटों तक चक्कर कटवाए जाते हैं।

वीडियो और शिकायतों ने बढ़ाई प्रशासन की मुश्किलें

*मामले से जुड़े वीडियो और लिखित शिकायतें सामने आने के बाद यह मुद्दा पूरे झाड़ोल क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि आरोप सही साबित होते हैं तो यह न केवल गरीबों के हक पर डाका है, बल्कि सरकारी राशन व्यवस्था में बड़े स्तर पर अनियमितता का संकेत भी है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि यदि लंबे समय से ऐसी शिकायतें सामने आ रही थीं तो संबंधित विभाग और प्रशासन ने समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की। लोगों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी मौन बने हुए हैं, जिससे राशन माफिया और भ्रष्ट डीलरों के हौसले बढ़ रहे हैं।*

दो महीने के राशन में आधा ही मिला गेहूं

सैलाणा निवासी श्यामलाल कटारा ने जिला रसद विभाग को दी शिकायत में बताया कि वह दो महीने का राशन लेने माणस सेंटर पहुंचा था। उसे 30 किलोग्राम गेहूं मिलना था, लेकिन डीलर ने गेहूं उपलब्ध नहीं होने की बात कहकर प्याज लेने के लिए दबाव बनाया। जब उसने प्याज लेने से इनकार किया तो कथित रूप से उसे गेहूं के बदले नकद राशि लेने की बात कही गई। काफी बहस और अनुरोध के बाद उसे केवल 15 किलोग्राम गेहूं देकर लौटा दिया गया, जबकि शेष राशन नहीं दिया गया।

अनपढ़ -गरीब परिवारों को बनाया जा रहा निशाना

ग्रामीणों का कहना है कि राशन वितरण में सबसे अधिक शोषण अनपढ़ और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों का हो रहा है। ऐसे परिवार अपने अधिकारों और नियमों की जानकारी नहीं होने के कारण विरोध भी नहीं कर पाते। कई उपभोक्ताओं ने दावा किया कि उनसे भी गेहूं के बजाय प्याज या नकद राशि लेने का दबाव बनाया गया।

>> दोषी पाए जाने पर हो सख्त कार्रवाई

ग्रामीणों और राशन कार्ड धारकों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर राशन डीलर का लाइसेंस तत्काल निलंबित करने, एफआईआर दर्ज करने तथा प्रभावित उपभोक्ताओं को उनका बकाया राशन दिलाने की मांग की है।

**गेहूं के बजाय प्याज देने का मामला सामने आया है। यदि ऐसा हुआ है तो यह पूरी तरह गलत है। जांच के लिए टीम भेजी जाएगी और दोषी पाए जाने पर संबंधित डीलर के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।**

**- मनीष भटनागर, जिला रसद अधिकारी, उदयपुर**

किया मजबूर' शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। खबर के प्रकाशन के बाद रसद विभाग हरकत में आया और मामले की जांच शुरू कराई गई।

खबर के बाद शुरू हुई जांच

जिला रसद अधिकारी मनीष भटनागर के निर्देश पर प्रवर्तन निरीक्षक झाड़ोल ने मामले की जांच की। जांच के दौरान राशन वितरण से संबंधित रिकॉर्ड, स्टॉक रजिस्टर और उपभोक्ताओं की शिकायतों का परीक्षण किया गया। जांच रिपोर्ट में सामने आई गंभीर अनियमितताओं के आधार पर जिला रसद अधिकारी ने राशन डीलर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसका लाइसेंस निलंबित करने के आदेश जारी कर दिए।

मौके पर पहुंची टीम, उपभोक्ताओं के दर्ज किए बयान

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला रसद अधिकारी के निर्देश पर प्रवर्तन अधिकारी कालूराम निनामा माणस स्थित उचित मूल्य दुकान पहुंचे। जांच के दौरान एक दर्जन से अधिक उपभोक्ताओं के बयान दर्ज किए गए। ग्रामीणों ने अधिकारियों को बताया कि राशन वितरण में अनियमितताएं बरती जा रही थीं तथा कई लाभार्थियों को निर्धारित मात्रा में गेहूं नहीं दिया जा रहा था। कुछ उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि उन्हें राशन के बदले अन्य वस्तुएं लेने के लिए दबाव बनाया गया। अधिकारियों ने सभी शिकायतों को रिकॉर्ड में लेते हुए विस्तृत जांच की।

स्टॉक और रिकॉर्ड के मिलान में मिली गड़बड़ी

विभागीय जांच के दौरान दुकान पर उपलब्ध स्टॉक और रिकॉर्ड का मिलान किया गया। जांच में एक क्विंटल से अधिक गेहूं कम पाया गया। रिकॉर्ड और वास्तविक स्टॉक में अंतर मिलने के बाद विभाग ने मामले को गंभीर मानते हुए तत्काल कार्रवाई की। अधिकारियों के अनुसार प्रारंभिक जांच में कई अनियमितताएं सामने आई हैं। ऐसे में राशन डीलर के खिलाफ आगे भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर विस्तृत जांच के बाद अन्य कानूनी कार्रवाई भी अमल में लाई जा सकती है।

### गरीबों के अधिकारों से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

रसद विभाग का कहना है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत मिलने वाला राशन गरीब और जरूरतमंद परिवारों का अधिकार है। राशन वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही, हेराफेरी या अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जांच में दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## प्रश्नोत्तरी

**Q1.** हाल ही में जून 2026 के मध्य में किस देश की अंतरिक्ष एजेंसी ने सौर तूफानों और अंतरिक्ष मौसम की सटीक भविष्यवाणी के लिए अपना सबसे आधुनिक उपग्रह 'वेदर-गार्ड 2026' सफलतापूर्वक लॉन्च किया है?

[A] जापान [B] अमेरिका [C] यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी [D] भारत

**Q2.** जून 2026 में राजस्थान वन एवं पर्यावरण विभाग द्वारा राज्य के किस राष्ट्रीय उद्यान/अभयारण्य में लुप्तप्राय प्रजातियों के संरक्षण के लिए 'स्टेट वाइल्डलाइफ जीन बैंक' की स्थापना को मंजूरी दी गई है?

[A] केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान (भरतपुर) [B] रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान (सवाई माधोपुर)
[C] नाहरगढ़ जैविक उद्यान (जयपुर) [D] सज्जनगढ़ जैविक उद्यान (उदयपुर)

**Q3.** राजस्थान में विशेष रूप से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे और सामुदायिक संपत्तियों के निर्माण के लिए संचालित 'विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना' के तहत प्रत्येक विधायक को प्रतिवर्ष कितनी राशि आवंटित की जाती है?

[A] ₹2 करोड़ [B] ₹5 करोड़ [C] ₹7 करोड़ [D] ₹10 करोड़

**Q4.** राजस्थान के अपवाह तंत्र में 'लूनी नदी' (Luni River) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. लूनी नदी का उद्गम अजमेर की नाग पहाड़ियों से होता है, और इसका पानी बालोतरा (बाड़मेर/बालोतरा जिला) तक मीठा रहता है, जिसके बाद यह खारा हो जाता है।
2. इसकी बाईं ओर से मिलने वाली एकमात्र मुख्य सहायक नदी 'जोजड़ी' (Jojari) है, जिसका उद्गम अरावली की पहाड़ियों से नहीं होता।

उपरोक्त में से कौन सा/से कथन सत्य है/हैं?

[A] केवल 1 [B] केवल 2 [C] 1 और 2 दोनों [D] न तो 1 और न ही 2

**Q5.** राजस्थान की प्रसिद्ध 'पिछवाई चित्रकला शैली' के संदर्भ में कौन सा कथन असत्य है?


[A] यह मुख्य रूप से नाथद्वारा (राजसमंद) की प्रसिद्ध चित्रकला शैली है, जो वल्लभ संप्रदाय से प्रभावित है।
[B] इसमें भगवान श्रीनाथजी की मूर्ति के पीछे कपड़े के पर्द पर कृष्ण की लीलाओं का अंकन किया जाता है।
[C] इस शैली में मुख्य रूप से केले के वृक्ष और गायों का अंकन प्रचुरता से मिलता है।
[D] इस कला को मूल रूप से संरक्षण प्रदान करने का श्रेय जयपुर के राजा सवाई जयसिंह को जाता है।

प्रश्नों के उत्तर भेजे 9079051521 पर जो भी प्रतिभागी और पाठक नियमित प्रश्न के उत्तरों के जवाब देंगे उन्हें आकर्षक गिफ्ट दिया जाएगा

कल के अंक के उत्तर - 1 (B) 2 (C) 3 (B) 4 (A) 5 (C)

Dr. ANUSHKA GROUP OF INSTITUTES

## डॉ. पुष्पा खमेसरा को वूमेन अचीवर ऑफ द ईयर सम्मान



**मेवाड़ जगत**

**उदयपुर।** हिंदुस्तान बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की ओर से आयोजित हीरोज ऑफ इंडिया अवार्ड 2026 का भव्य समारोह जयपुर स्थित स्वर्ण महल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से आए लगभग 250 प्रतिभाशाली व्यक्तियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों, उल्लेखनीय उपलब्धियों एवं समाज में विशेष योगदान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में उदयपुर की प्रसिद्ध डाक टिकट संग्राहक डॉ. पुष्पा खमेसरा को डाक टिकट संग्रह (फिलेटली) के क्षेत्र में बनाए गए अनेक उल्लेखनीय रिकॉर्ड्स तथा उनके विशिष्ट योगदान के लिए 'वूमेन अचीवर ऑफ द ईयर' सम्मान से अलंकृत किया गया। डॉ. खमेसरा लंबे समय से डाक टिकट संग्रह के माध्यम से ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं पर्यावरणीय विषयों के संरक्षण और प्रचार-प्रसार का कार्य कर रही हैं। उनके नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई रिकॉर्ड दर्ज हैं। यह सम्मान न केवल उनकी उपलब्धियों का प्रतीक है, बल्कि उदयपुर एवं राजस्थान के लिए भी गौरव का विषय है। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर देशभर से आए प्रतिभागियों, गणमान्य अतिथियों एवं आयोजकों ने सम्मानित व्यक्तित्वों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

## जमीन पर कब्जे की नीयत से काम कर रहे मजदूरों को धमकाया

**उदयपुर।** सायरा में जमीन पर बाउण्ड्रीवॉल बना रहे मजदूरों को एक परिवार के सदस्यों ने जमीन पर कब्जा करने की नीयत से धमकी देकर काम बंद करवा दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पूनम चंद पुत्र नाथुलाल मेघवाल निवासी गोगुन्दा ने रिपोर्ट दी कि उसकी पत्नी किरण मेघवाल के नाम से जमीन कमोल सायरा में हैं। इस जमीन पर वह समतलीकरण कर चार दिवारी का काम करवा रहा था कि 12 जून को को रात्रि में 9.30 बजे छगनलाल, भगवतीलाल पुत्र चुन्नीलाल व दुर्गेश पुत्र केसुलाल मेघवालए निवासी जरगा आ बा कमोल जमीन हडपने की नीयत से गए और वहां पर सो रहे मजदूरो के साथ गाली गलौच कर जाने से मारने की धमकी देकर उन्हे डरा-धमका और मजदूरो के रहने के लिए घास की झोपडी को तोड़ दी। आरोपियों के खिलाफ पुलिस द्वारा कार्यवाही नहीं करने पर 16 जून को भी यहां पर काम कर रहे मजदूरों को दुर्गेश पुत्र केसाराम, केसाराम पुत्र वीरा, आशा पत्नी भगवतीलाल, कमला प|ि छगनलाल व शांता बाई पत्नी दिलीप मेघवाल निवासी जरगा आ बा कमोल ने धमकाया और निर्माण काम रूकवा दिया। आरोपियों ने मौके पर लगी हुई लोहे की बडी फाटक व पिलर तोड कर नीचे गिरा दिए, जिससे मुझ नुकसान हुआ है। रिपोर्ट पर सायरा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हल्दीघाटी विजय के 450 वर्ष पूर्ण होने पर उदयपुर में राष्ट्र चेतना का विराट संगम

# महाराणा प्रताप की जयंती मनती है, अकबर की नहीं, इतिहास स्वयं बताता है विजय किसकी हुई : भागवत







11मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** हल्दीघाटी विजय के 450 वर्ष पूर्ण होने तथा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती के उपलक्ष्य में गांधी ग्राउंड में आयोजित राष्ट्र चेतना संकल्प सभा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि भारत का इतिहास पराधीनता का नहीं, बल्कि विदेशी आक्रांताओं के विरुद्ध निरंतर संघर्ष, प्रतिरोध और आत्मगौरव का इतिहास है। उन्होंने कहा कि हल्दीघाटी का युद्ध केवल दो सेनाओं के बीच का युद्ध नहीं था, बल्कि राष्ट्रचेतना और स्वाभिमान की रक्षा के लिए लड़ा गया महासंग्राम था।

उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का स्मरण आज भी देशभर में श्रद्धा और सम्मान के साथ किया जाता है। यदि युद्ध के बाद भी शत्रु भय और असुरक्षा में रहा, तो इतिहास स्वयं बताता है कि वास्तविक विजय किसकी हुई थी। उन्होंने कहा कि दुनिया में कहीं अकबर की जयंती नहीं मनाई जाती, जबकि महाराणा प्रताप आज भी जन.जन की प्रेरणा बने हुए हैं।

### हल्दीघाटी विजय का सत्य नई पीढ़ी तक पहुंचाना होगा : डॉ. शर्मा

सभा की अध्यक्षता करते हुए वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप समिति के अध्यक्ष डॉ.भगवती प्रकाश शर्मा ने कहा कि हल्दीघाटी युद्ध के वास्तविक इतिहास को जन.जन तक पहुंचाने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि उपलब्ध ऐतिहासिक प्रमाण स्पष्ट करते हैं कि महाराणा प्रताप ने स्वाधीनता, स्वाभिमान और राष्ट्रधर्म की रक्षा का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से आह्वान किया कि वे हल्दीघाटी विजय के गौरवशाली इतिहास को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का संकल्प लें।

### जयघोषों से गुंजायमान हुआ गांधी ग्राउंड

सभा में भारत माता की जय, वंदे मातरम्, जय श्रीराम और महाराणा प्रताप अमर रहें.. के उद्घोष लगातार गूंजते रहे। मेवाड़-वागड़, राजस्थान सहित देशभर से आए हजारों लोगों की उपस्थिति ने आयोजन को राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक गौरव का विराट उत्सव बना दिया।

### सीएम भजनलाल शर्मा सहित अनेक विशिष्टजन रहे उपस्थित

राष्ट्र चेतना संकल्प सभा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. वासुदेव देवनानी, केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, केंद्रीय राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन सिंह राठौड़, सांसद सीपी जोशी, राज्यसभा सांसद सतीश पूनिया, महाराणा विश्वराज सिंह मेवाड़, सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### प्रताप गौरव केन्द्र राष्ट्रचेतना का सशक्त माध्यम

कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रताप गौरव केन्द्र के निदेशक अनुराग सक्सेना ने अतिथियों का स्वागत करते हुए केन्द्र की गतिविधियों और वर्षभर आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रताप गौरव केन्द्र के माध्यम से महाराणा प्रताप के शौर्य, संघर्ष और हल्दीघाटी विजय के ऐतिहासिक सत्य को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

### प्रताप का जीवन राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान का आदर्श

डॉ. भागवत ने कहा कि महाराणा प्रताप ने सत्ता के लिए नहीं, बल्कि धर्म, संस्कृति, स्वाभिमान और मातृभूमि की रक्षा के लिए संघर्ष किया। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने विशाल साम्राज्य की शक्ति को चुनौती दी और आने वाली पीढ़ियों के लिए साहस और आत्मसम्मान का आदर्श स्थापित किया। उन्होंने समाज से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए संगठित रहने का आह्वान किया।

### इतिहास की भ्रांतियों का अंत करेगा हल्दीघाटी विजय का गौरव : श्रीजी श्याम

समारोह के विशिष्ट अतिथि निम्बार्काचार्य श्रीजी श्याम शरण देवाचार्य ने कहा कि यह आयोजन राष्ट्रभक्ति, स्वाभिमान और सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण का महापर्व है। उन्होंने कहा कि वर्षों से इतिहास के संबंध में फैलाई गई भ्रांतियों का निराकरण अब समाज के सामने हो रहा है और महाराणा प्रताप के वास्तविक गौरव को पुनः स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेवाड़ की भूमि शौर्य और भक्ति दोनों की पावन धरा है। महाराणा प्रताप और मीराबाई जैसे महान व्यक्तित्व इसी भूमि की देन हैं। समाज को जाति और वर्ग से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखना चाहिए।

# श्रध्दा और उत्साह के साथ मनाई महाराणा प्रताप जयंती

**मेवाड़ जगत**

**उदयपुर।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर अनुष्का संस्थान में श्रद्धा, उत्साह और गौरव के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भाग लेकर मेवाड़ की आन-बान और शान महाराणा प्रताप को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। संस्थान के निदेशक राजीव सुराणा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए महाराणा प्रताप के जीवन, संघर्ष, त्याग, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन साहस, आत्मसम्मान और दृढ़ संकल्प का अद्वितीय उदाहरण है, जिससे हर युवा को प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से महाराणा प्रताप के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया। अनिता राव ने गीत के माध्यम से महाराणा प्रताप के युद्धों और उनके अदम्य साहस का प्रभावशाली वर्णन किया। वहीं पायल प्रजापत ने कविता पाठ के जरिए उनके संघर्ष, राष्ट्रप्रेम और गौरवशाली जीवन को भावपूर्ण शब्दों में प्रस्तुत



किया। अशोक कुमार, खुशबू, पल्लवी नायक, डिंपल, साक्षी चौधरी, भावेश चित्तौड़ा, तेजपाल एवं जितेंद्र मीणा सहित अनेक विद्यार्थियों ने महाराणा प्रताप के आदर्शों पर अपने विचार व्यक्त किए और उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। विज्ञान शिक्षक मानवेन्द्र सिंह एवं इतिहास शिक्षक गिरिराज ने भी विद्यार्थियों को महाराणा प्रताप के जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक घटनाओं की जानकारी दी और कठिन परिस्थितियों में भी स्वाभिमान एवं सिद्धांतों पर अडिग रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में डॉ. हेमंत बाबेल, रेखा रोत, नीलम, गणेश देवासी, प्रकाश एवं राहुल रोत सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कृतिका शर्मा ने किया, जबकि अंत में भूपेश परमार ने सभी का आभार व्यक्त किया। पूरे आयोजन के दौरान देशभक्ति, वीरता और गौरव का वातावरण बना रहा।

## गोवा के बागा बीच पर गूंजे महाराणा प्रताप के जयकारे

**मेवाड़ जगत**

**उदयपुर।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर गोवा के प्रसिद्ध बागा बीच पर मेवाड़वासियों ने श्रद्धापूर्वक उनका स्मरण किया। इस दौरान महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके जयकारों के साथ उनके शौर्य, त्याग और राष्ट्रभक्ति को नमन किया गया। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं उपसरपंच दुल्हे सिंह देवड़ा, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि अशोक चौधरी, धूणी माता उपसरपंच



नानालाल नागदा, एचजेडएल मजदूर संघ के नेता गोविंद सिंह देवड़ा, दुष्यंत चौधरी, सोनू सैन एवं लालूराम डांगी उपस्थित रहे। सभी ने महाराणा प्रताप के आदर्शों पर चलने का संकल्प लेते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

## महाराणा प्रताप जयंती महोत्सव में विभिन्न संगठनों ने दी श्रद्धांजलि



**मेवाड़ जगत**

**उदयपुर।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती महोत्सव के अवसर पर बुधवार को विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं सेवा संगठनों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने महाराणा प्रताप को श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्री मेवाड़ सगसजी लोकसेवा संस्थान, सकल राजपूत महासभा, फेडरेशन ऑफ एनजीओ ट्रस्ट, मेवाड़ विकास मंच, क्षत्रिय राजपूत महासभा, मेवाड़ शक्ति कल्याण ट्रस्ट, स्वतंत्रता सेनानी मास्टर किशनलाल वर्मा सेवा ट्रस्ट, मातृकृपा सेवा संस्थान, जय हनुमान रामचरित मानस प्रचार समिति ट्रस्ट, हिंद मानव कल्याण ट्रस्ट एवं दिव्य संत परिषद सहित अनेक संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कुंवर विजय सिंह कछ्वाहा, ओम प्रकाश सिंह राजपूत, रामनाथ सिंह चौहान, नरेंद्र सिंह एवं दिव्य कुमार सिंह रावल के नेतृत्व में संस्थान परिसर में एकत्रित हुए। इसके बाद सभी ने मोती मगरी पहुंचकर मेवाड़ के गौरव महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा पूजा.अर्चना कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान राष्ट्र की उन्नति, विश्व कल्याण एवं जन.जन की सुख-समृद्धि की कामना भी की गई।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम के पश्चात सभी कार्यकर्ता मोती मगरी से चेतक सर्कल पहुंचे और वहां से प्रारंभ हुई महाराणा प्रताप जयंती की भव्य शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन एवं श्रद्धालु शामिल हुए।

# महाराणा प्रताप जयंती पर डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने की विशेष पूजा-अर्चना

**मेवाड़ जगत**

**उदयपुर।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती पर मोती मगरी स्थित महाराणा प्रताप स्मारक में श्रद्धा, भक्ति और गौरव के साथ विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मेवाड़ पूर्व राजपरिवार सदस्य डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ की ओर से महाराणा प्रताप की अश्वारूढ़ प्रतिमा पर विशेष पूजा-अर्चना की गई तथा उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।




जयंती समारोह के तहत महाराणा प्रताप की प्रतिमा को आकर्षक पुष्प सज्जा से अलंकृत किया गया। साथ ही 486वीं जयंती के उपलक्ष्य में 486 दीप प्रज्वलित किए गए और 486 किलोग्राम लड्डुओं का भोग अर्पित किया गया। स्मारक परिसर में दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर महाराणा प्रताप को नमन किया। महाराणा प्रताप स्मारक समिति के प्रशासनिक अधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ के निर्देशानुसार जयंती के अवसर पर प्रातः 8 बजे से सायं 6 बजे तक सभी श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए स्मारक में निःशुल्क प्रवेश की व्यवस्था की गई।

इस अवसर पर डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन त्याग, स्वाभिमान, राष्ट्रनिष्ठा और संघर्ष का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी महाराणा प्रताप के आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण और समाजसेवा में सक्रिय भूमिका निभाए, यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# उदयपुर में शहरी सेवा शिविर पहुंचे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा
# अधिकारियों को दिए संवेदनशीलता से कार्य करने के निर्देश

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को उदयपुर प्रवास के दौरान उदयपुर विकास प्राधिकरण (यूडीए) परिसर में आयोजित शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों से संवाद कर राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं शिविरों की उपयोगिता को लेकर फीडबैक प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ पहुंचाना है। इसी सोच के साथ प्रदेशभर में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जहां आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है।





मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आमजन के छोटे-छोटे कार्य भी उनके लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। इसलिए शिविरों में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उसका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि पट्टा वितरण, नामांतरण, दस्तावेज शुद्धिकरण, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र सहित विभिन्न नागरिक सुविधाओं से जुड़े मामलों का समाधान शिविरों के माध्यम से किया जा रहा है। जिन प्रकरणों में अतिरिक्त समय की आवश्यकता होगी, उनके लिए फॉलोअप शिविर आयोजित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बुजुर्गों, महिलाओं, दिव्यांगजनों एवं जरूरतमंद नागरिकों को सभी मूलभूत सुविधाएं सहज रूप से उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क, सीवर, पार्क, नालियों, बिजली और अन्य नगरीय सुविधाओं से संबंधित समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे अपने आसपास के जरूरतमंद लोगों को शिविरों तक पहुंचाने में सहयोग करें ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

शिविर के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों की योजनाओं के तहत लाभार्थियों को पट्टे, प्रमाण पत्र, सहायता राशि के चेक एवं सहायक उपकरण वितरित किए। यूडीए की ओर से नरेश जैन एवं संतोष औदीच्य को पट्टा विलेख, रामेश्वरलाल सुखवाल को भवन निर्माण स्वीकृति तथा खेमराज डांगी को भू-उपयोग परिवर्तन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। नगर निगम की ओर से शकुंतला स्वामी, संजय तंबोली, दिनेश अग्रवाल और महेंद्र मेहता को पट्टा विलेख तथा सोहनलाल चंदेल को ट्रेड लाइसेंस प्रदान किया गया। राजीविका योजना के तहत पद्मावती सीएल एफ भुवाणा की सपना एवं गीता को 1.05 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता राशि का चेक सौंपा गया। वहीं लीड बैंक के माध्यम से सौरभ सिंह को मशरूम उत्पादन इकाई के लिए 1.20 करोड़ रुपये की ऋण स्वीकृति का चेक प्रदान किया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से सलीम मोहम्मद को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 41 हजार रुपये की सहायता राशि दी गई। वहीं दिव्यांग नारायणी बाई को व्हीलचेयर तथा खेमराज गमेती को स्मार्ट केन उपलब्ध कराई गई।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने निम्बाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी द्वारा तैयार कराई गई विकास पुस्तिका का विमोचन भी किया। उन्होंने विकास कार्यों के दस्तावेजीकरण की सराहना करते हुए इसे जनप्रतिनिधियों और आमजन के लिए उपयोगी बताया।

मुख्यमंत्री ने शिविर स्थल पर लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन और प्राप्त परिवेदनाओं के निस्तारण की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को चेताते हुए कहा कि उनके पास प्रदेश के हर गांव और ढाणी से सूचनाएं पहुंचती हैं, इसलिए जनता के कार्य पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ किए जाएं। इस अवसर पर जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, राजस्व एवं उपनिवेशन मंत्री एवं जिला प्रभारी हेमंत मीणा, उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी, निम्बाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी, संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, पुलिस महानिरीक्षक गौरव श्रीवास्तव, जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल, यूडीए आयुक्त अभिषेक खन्ना सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## उदयपुर के डॉ. निर्मल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा सम्मानित

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** उदयपुर के कलाकार डॉ. निर्मल यादव को कला क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति ने उन्हें स्मृति चिन्ह एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान प्रदान किया। राष्ट्रपति भवन में 4 से 14 जून तक आयोजित 10 दिवसीय आर्ट रेजिडेंसी में देशभर से चयनित 13 कलाकारों को आमंत्रित किया गया था, जिनमें डॉ. निर्मल यादव भी शामिल थे। उन्हें लघुचित्र शैली, रियलिज्म, कंटेम्पररी आर्ट, हेरिटेज रेस्टोरेशन, वॉल



आर्ट तथा विभिन्न चित्रकला माध्यमों में उनकी विशेष दक्षता के कारण आमंत्रित किया गया। डॉ. यादव वाटर कलर, ऑयल कलर, चारकोल, टेम्परा और पेन ड्राइंग सहित विभिन्न माध्यमों में चित्रांकन करते हैं। कार्यक्रम के समापन अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कलाकारों से संवाद कर उनकी कला और कार्यशैली के बारे में जानकारी ली। इस दौरान डॉ. यादव ने मेवाड़ की पारंपरिक लघुचित्र शैली का एक विशेष चित्र राष्ट्रपति को स्मृति स्वरूप भेंट किया। यह उपलब्धि उदयपुर के कला जगत के लिए गौरव का विषय है।

## दो ट्रके बेचकर लिए 27 लाख लेकर वाहन ट्रांसफर नहीं करवाने का मामला दर्ज

**उदयपुर।** एक ट्रांसपोटर ने एक व्यक्ति के खिलाफ उसे दो ट्रक बेचकर 27 लाख रूपए लेकर वाहन पुनः ले जाने और ना तो किराया देने और ना ही वाहन ट्रांसफर करवाने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार झमकलाल पुत्र उदयलाल लौहार निवासी भटेवर वल्लभनगर ने कानसिंह पुत्र मोतीसिंह जाति रावत निवासी झालो की चौकी बाडिया पातलीया रायपुर पाली के खिलाफ रिपोर्ट दी कि उसकी आरोपी से अच्छी पहचान है। कानसिंह के नाम पर दो वाहन है, दोनों पर फायनेंस कंपनियों के ऋण चल रहे है। कानसिंह द्वारा समय पर किश्तों का भुगतान नही होने और पैसों की जरूरत होने से कानसिंह से उससे स पर्क कर दोनो वाहन को बेचने का प्रस्ताव रखा। दोनों वाहन 27 लाख रूपए में खरीदना तय कर वर्ष 2023 में सारा पैसा ऑन लाईन और नकद देकर दोनों वाहन खरीद लिए। कानसिंह ने बाद में उसे एक वाहन किराए पर चलाने के लिए मांगा, जिस पर इस वाहन का किराया एक लाख रूपए तय कर वाहन दे दिया। इसके बाद कान सिंह ने उसे ना तो किराया दिया और ना ही वाहन के दस्तावेज दिए एवं ना ही वाहन मेरे नाम पर करवाए। जिसके लिए उसने बार-बार कानसिंह से स पर्क किया, वह हर बार टालमटोल करता रहा। प्रार्थी ने अपने स्तर पर पता किया तो पता चला कानसिंह आए दिन लोगो को वाहन बेचकर पैसा हड़पकर वाहन भी ले जाता है। उसने 8 फरवरी को कानसिंह से संपर्क किया तो कानसिंह ने वाहन व बकाया राशि देने व वाहन ट्रांसफर करवाने से भी मना कर दिया और धमकाया। रिपोर्ट पर वल्लभनगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सज्जनगढ़ रोड़ पर कई कारों को टक्कर मारकर किया क्षतिग्रस्त

उदयपुर। सज्जनगढ़ रोड़ पर एक अनियंत्रित कार ने कई कारों और वाहनो को टक्कर मार कर क्षतिग्रस्त कर दिया।पुलिस के अनुसार आरिफ अली पुत्र नासीर अली निवासी जोधपुर ने रिपोर्ट दी कि वह अपने मित्र विकास शर्मा के साथ उदयपुर दोनो कार से परिवार सहित 15 जून को आए थे। प्रार्थी की कंपनी का कार्यालय आपके थाना क्षेत्र में सज्जनगढ़ फोर्ट रोड़ स्थित है, वह वहीं अपने मित्र के साथ कंपनी कार्यालय में मिलने गया तो शाम 5.30 बजे एक अनियंत्रित कार ने खड़ी हुई गाड़ियों को तेज गति से आते हुए टक्कर मार कर क्षतिग्रस्त कर दिया। भीषण टक्कर के बाद स्वयं की गाड़ी को बिना रूके भगा कर ले गया। प्रार्थी को आसपास के लोगों ने इस बारे में बताया। इस दुर्घटना में कई कारें क्षतिग्रस्त हो गई और चलने की स्थिति में नहीं है। कार चालक का न बर के आधार पर पता लगाया गया तो कार चालक अभिषेकए है और इस वाहन का मालिक बाबूलाल मीणा है। रिपोर्ट पर अंबामाता थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## स्कूटी पर आ रही वृद्धा से पर्स छीना

उदयपुर। स्कूटी पर आ रही एक वृद्धा से बाईक सवार दो बदमाश पर्स छीनकर ले गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महर्षि भटनागर पुत्र दिलीप भटनागर निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेक्टर 14 ने रिपोर्ट दी कि एसबीआई एटीएम के सामने गोपाल मार्बल के पास से मेरी माता जी का पर्स छीन कर दो बाईक सवार भाग गए। पर्स मे लगभग 3 से 4 हजार रूपए, मोबाईल तथा कुछ अन्य सामान था। मेरी माता स्कूटर से उनकी मित्र के साथ सविना की ओर से सेक्टर 14 की ओर आ रही थी। रिपोर्ट पर सविना थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सूने मकान का ताला तोड़कर सामान चोरी

उदयपुर। एक सूने मकान का अज्ञात चोर ताला तोड़कर सामान और डीवीआर चोरी कर ले गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हेमंत कुमार शर्मा पुत्र सारंग शर्मा निवासी चन्द्रकला कॉलोनी दुर्गापुरा जयपुर हाल उदयपुर ने रिपोर्ट दी कि 13 जून को मेरे मामा माछला मंगरा स्थित घर मे चोरी की अशंका होने पर मैने 112 बुलाने से घर मे से छोटा मोटा सामान व सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर चोरी हुई। रिपोर्ट पर सूरजपोल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## महिला के हाथ से पर्स छीना बदमाशों ने

उदयपुर। पति के साथ बाईक पर जा रही एक महिला के हाथ ऐ बाईक सवार दो बदमाश पर्स छीन ले गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जगदीश पुत्र केसुलाल निवासी नेला सेक्टर 14 ने रिपोर्ट दी कि 15 जून को 11.45 बजे में अपने ससुराल में परिवारिक कार्यक्रम से लौट कर घर जा रहा था। मेरे साथ मेरी पत्नी राधा भी थी। उदयापोल से नटराज होटल के सामने वाले रास्ते पर अचानक बाइक से दो जने ओवरटेक कर मेरी पत्नी के हाथ से झपटा मारकर पर्स छीनकर भाग गए। मेरे उस पर्स में 900 रूपए, दस्तावेज और दोनों के फोन थे। रिपोर्ट पर सूरजपोल थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सड़क किनारे खड़े युवकों को बस ने रौंदा, एक की मौत, दो घायल

**उदयपुर।** खेरवाड़ा से बावलवाड़ा रोड पर विद्या निकेतन स्कूल बस की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। जबकि दो युवक गंभीर घायल हो गए। घटना के बाद गुस्साएं लोगों ने जाम लगाकर प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार पहचान नीलेश (19) पुत्र नानालाल पटेल निवासी पटेलवाड़ा, प्रेम (30) पुत्र सोमराज गरासिया और गिरधर (29) पुत्र दिनेश गरासिया निवासी पटेलवाड़ा बाइक खड़ी करके सड़क किनारे बात कर रहे थे। तभी बावलवाड़ा की ओर से आती स्कूल बस ने तीनों युवकों को चपेट में ले लिया। बस की स्पीड इतनी तेज थी कि पहले युवकों को टक्कर मारी। फिर आगे बिजली के खंभे को उडाते हुए सड़क किनारे खेत में उतर गई। टक्कर से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो गंभीर घायल हो गए। घायलों को डूंगरपुर हॉस्पिटल ले जाया गया है। जहां उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। हादसे के बाद बड़ी सं या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर बावलवाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। इधर हादसे के बाद क्षेत्र में तनाव के हालात बन गए। गुस्साए ग्रामीणों ने रोड जाम कर दिया और शव को वहीं रखकर प्रदर्शन कर कर रहे हैं। माहौल गर्माता देख मौके पर खेरवाड़ा, बावलवाड़ा, पहाड़ा थानों का जाब्ता मौके पर तैनात किया गया है। खेरवाड़ा एसडीएम जयसिंह, डीएसपी राजीव राहर और तहसीलदार मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों से समझाइश का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण और मृतक के परिजन बस ड्राइवर को गिर तार कर स त कार्रवाई की मांग पर अड़े हैं।

**प्रताप जयंती कार्यक्रम में उदयपुर आ रहे थे ग्रामीण**

बताया जा रहा है कि बस में बैठे लोग उदयपुर शहर में महाराणा प्रताप जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। तभी ये हादसा हो गया। सूचना पर मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे।

# गाली देकर बात करने से मना करने पर दो युवकों ने किया चाकू से हमला

**उदयपुर।** गाली देकर बात करने से मना करने पर एक युवक ने अपने साथी के साथ मिलकर एक युवक पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया।

पुलिस के अनुसार चेतन गमेती पुत्र कालूलाल गमेती निवासी समता नगर सुखेर ने रिपोर्ट दी कि 16 जून को 8 बजे मैं मेरी मौसी के घर आयड़ मेहमान आया हुआ था फिर मेरे दोस्तों के साथ आयड स्थित जैन धर्मशाला मंदिर के बाहर रोड पर मेरे दोस्त नरेंद्र गमेती ने व अन्य दोस्तों के साथ जैन मंदिर के सामने खड़े थे कि पूर्व परिचित मो अरमान खान पुत्र साकिर निवासी आयड आया ओर दोस्तों से मजाक मस्ती में हमारे साथ गाली गलौज से बात कर रहा था।द्ध तब हमने कहा कि गाली देकर क्यों बात कर रहा है, इस बात पर अरमान आवेश में आ गया और वहां से गाली-गलौच करते हुए चला गया। थोड़ी देर में अरमान व सहजाद निवासी आयड दोनों कार लेकर आए और आते ही गाड़ी से अरमान उतरा और उस पर जानलेवा चाकू से जानलेवा हमला किया। वह झुक गया नीचे नहीं झुकता तो चाकू से उसकी गर्दन कट सकती थी। चाकू मेरे पीठ पर लगा। शहजाद ने नरेंद्र का गला पकड़ा और सर्ट को ऊपर किया और पिस्टल दिखाई। इतने में अभिषेक ने अरमान के हाथ से चाकू पकड़ा तो उसको भी धक्का दे दिया शहजाद और अरमान दोनों ने हम दोनों के साथ मारपीट की।हम सब भागने लगे तो हमारे को रोक कर मारपीट करने लगे, जिससे उसकी पीठ से खून निकलने लगा। यह देखकर शहजाद व अरमान दोनों गाड़ी लेकर मौके से भाग गए। रिपोर्ट पर भुपालपुरा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## घर में घुसकर युवक पर हमला, 40 हजार रूपए लूटे

**उदयपुर।** एक परिवार ने एक व्यक्ति के घर में घुसकर हमला कर दोनों पांव तोड़ दिए और जेब में रखे करीब 40 हजार रूपए लूटकर ले गए।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बहादुरसिंह पुत्र वक्तावरसिंह राठौड निवासी वाजमिया वल्लभनगर ने रिपोर्ट दी कि 16 जून को प्रातः 10 बजे मेरे पुराने मकान के अन्दर साफ सफाई कर रहा था आरोपी भैरूनाथ पुत्र रूपनाथ, उनकी पत्नी मंजू कुवंर, पुत्र अरविन्द नाथ, विजयनाथ निवासी वाजमिया और एक अन्य हाथ में फावडा, लौहे का पाइप, कूंट लेकर घुसे और मेरे साथ मारपीट की, जिससे मेरे दोनों पांव टूट गए और अन्य जगह भी चोट आई। आरोपियों ने उसे मरा समझकर भाग गए। मेरी जेब में परसादी के 38 हजार 900 रूपए थे वे भी लूट लिए। मेरे शोर मचाने पर गांव के ही कुछ लोगे आए जो मुझे अस्पताल ले गए। रिपोर्ट पर वल्लभनगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दो ट्रकें बेचकर 21 लाख रूपए लेकर सुपुर्द नहीं करने का मामला दर्ज

उदयपुर। दो ट्रकों का 21.50 लाख में सौदा कर पैसा लेकर सुपुर्द नहीं करने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार झमकलाल लौहार पुत्र उदयलाल लौहार निवासी भटेवर वल्लभनगर ने कैलाश पुत्र बद्रीलाल अग्रवाल निवासी आश्रम कालोनी चन्देरिया चितौडगढ़, इसके पुत्र अंकित अग्रवाल के खिलाफ मामला दर्ज करवाया कि उसका आरोपियों से व्यापारिक संबंध है। कैलाश अग्रवाल व अंकित अग्रवाल को व्यापार में पैसों की जरूरत होने की वजह से दो वाहन प्रार्थी को 21 लाख 50 हजार रूपए बेचना तय किया। उसने वर्ष 2013 में पैसा दे दिया और आरोपियों ने दोनो वाहन 1 माह में देना तय किया। इसके बाद भी उसे वाहन नहीं दिए। अब दोनो वाहन ना तो प्रार्थी को सुपुर्द कर रहे है एंव ना ही नाम पर ट्रास्फर करवा रहे है। प्रार्थी ने दोनो से स पर्क किया तो दोनो ने वाहन देने से मना कर दिया। रिपोर्ट पर वल्लभनगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बापू बाजार में तेज हवा से गिरा स्वागत द्वार

**उदयपुर।** शहर के बापू बाजार क्षेत्र में बुधवार को एक बड़ा स्वागत द्वार अचानक गिर जाने से अफरा-तफरी मच गई। हादसे में तीन से चार दोपहिया वाहन तथा एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि गनीमत रही कि घटना के दौरान कोई राहगीर इसकी चपेट में नहीं आया अन्यथा जनहानि हो सकती थीं।जानकारी के अनुसार स्वागत के लिए अस्थायी स्वागत द्वार लगाया गया था। लोगों का कहना है कि स्वागत द्वार को पर्याप्त सहारा नहीं दिया गया था। इसी बीच तेज हवाएं चलने लगीं, जिससे भारी. भरकम स्वागत द्वार असंतुलित होकर सड़क पर गिर पड़ा। स्वागत द्वार गिरते ही आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया।